हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 28 जुलाई 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार

- •लोकसभा ने आज लोक परीक्षा (अनुचित साधन रोकथाम) संशोधन विधेयक 2026 पर विचार और पारित करने के लिए चर्चा शुरू की ।
- •हरियाणा मंत्रिमंडल ने अग्निवीरों को नौकरी में 20 प्रतिशत आरक्षण,महिलाओं के लिए वाहन कर में छूट और पुलिस हिरासत में मौत पर साढ़े सात लाख रुपए का मुआवजा देने सहित 22 प्रस्ताव पारित किए ।
- •पंजाब में अमृतसर के श्री गुरु राम दास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ईजी कनेक्ट उड़ाने शुरू हुई ।
- •हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग ने सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं व नगर परिषदों को सफाई कर्मचारियों को बिना सुरक्षा उपकरण के सीवर टैंकों में ना उतारने के आदेश दिए ।
- •हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की नवनियुक्त मानद महासचिव मीना कंबोज ने अपना कार्यभार संभाला ।

**********

लोकसभा ने आज लोक परीक्षा (अनुचित साधन रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पर विचार और पारित करने के लिए चर्चा शुरू की। यह विधेयक लोक परीक्षा (अनुचित साधन रोकथाम) अधिनियम, 2024 में संशोधन के लिए लाया गया है। इस विधेयक में दोषी को दस वर्ष तक की कैद, दस करोड़ रुपये तक का जुर्माना जैसे कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।

इसमें दोषी पाए गए अपराधियों की संपत्ति की ज़ब्ती जैसे कठोर दंड भी शामिल हैं। मामलों के शीघ्र निपटान को सुनिश्चित करने के लिए, विधेयक में प्रत्येक राज्य सरकार और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन को दैनिक सुनवाई के लिए विशेष त्वरित न्यायालय स्थापित करने का प्रावधान है। इसमें यह भी प्रावधान है कि अपराधों की जांच पुलिस स्टेशन में सूचना दर्ज होने की तिथि से दो महीने के भीतर पूरी की जानी चाहिए और अभियोग पत्र दाखिल होने की तिथि से तीन महीने के भीतर मुकदमे समाप्त किए जाने चाहिए।

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि नया विधेयक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प देश के युवाओं के भविष्य से कोई समझौता नहीं होने देने की पुष्टि है। कांग्रेस और यूपीए शासनकाल में हुई कई परीक्षा लीक की घटनाओं का जिक्र करते हुए श्री सिंह ने कहा कि इन मामलों से निपटने के लिए कोई व्यापक कानून नहीं था। मोदी सरकार में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए लोक परीक्षा (अनुचित साधन रोकथाम) अधिनियम, 2024 लाया गया।

डॉ. सिंह ने कहा कि हाल ही में हुई परीक्षा लीक की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए प्रधानमंत्री ने स्वयं यह निर्णय लिया कि अनुचित प्रथाओं को रोकने के लिए कानूनी ▯ांचे को और मजबूत करने की आवश्यकता है। डॉ. सिंह ने कहा कि इस कानून को और अधिक सख्त बनाने के लिए यह संशोधन लाया गया है, ताकि इन परीक्षाओं की विश्वसनीयता को बढ़ाया और बहाल किया जा सके।

चर्चा में भाग लेते हुए, कांग्रेस के गौरव गोगोई ने सरकार पर शिक्षा क्षेत्र के प्रति गंभीर न होने और वास्तविक सुधार लाने का इरादा न रखने का आरोप लगाया।

**********

हरियाणा मंत्रिमंडल की आज चंडीगढ़ में हुई बैठक में अग्निवीरों को नौकरी में 20 प्रतिशत आरक्षण, महिलाओं के लिए वाहन कर में छूट और पुलिस हिरासत में मौत पर साढ़े सात लाख रुपये मुआवजा देने सहित  22 अहम प्रस्ताव पारित किए गए।

मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल की बैठक के उपरांत एक पत्रकार वार्ता में बताया कि महिलाओं के नाम 20 लाख रुपये तक के गैर परिवहन  वाहनों के पंजीकरण पर एक प्रतिशत कर छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल में हरियाणा राज्य अल्पसंख्यक आयोग के गठन और शहीदों के परिजनों को नौकरी देने का फैसला भी लिया गया। इसके अलावा अग्नि वीरों को  आईआरबी, एनडीआरएफ, फायरमैन और वाइल्ड लाइफ विभाग में गार्ड के पदों पर 20% क्षैतिज आरक्षण देने का निर्णय लिया गया है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2027 में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का 650वां प्रकाश पर्व पूरे राज्य में भव्य एवं गरिमामय □ंग से मनाया जाएगा। इसके आयोजन की तैयारियों के लिए राज्य सरकार एक उच्च स्तरीय समिति का गठन करेगी, जो कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर उनके सफल आयोजन को सुनिश्चित करेगी।

**********

पंजाब में अमृतसर के श्री गुरु राम दास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आज एयर इंडिया के 'ईज़ी कनेक्ट' हब-एंड-स्पोक मॉडल का शुभारंभ हुआ। इसके साथ ही पंजाब उत्तरी अमरीका, ब्रिटेन, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया के 27 वैश्विक गंतव्यों से जुड़ गया है।

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने वर्चुअल माध्यम से सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आंकड़ों से पता चलता है कि हर साल लगभग डे□ लाख यात्री अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए अमृतसर से दिल्ली की यात्रा करते हैं। इसी तरह, लगभग डे□ लाख यात्री विदेश से दिल्ली आते हैं और फिर अमृतसर की यात्रा करते हैं। हवाई संपर्क बढ़ने से अमृतसर की अर्थव्यवस्था को सीधा लाभ होगा।

*हब एंड स्पोक केवल एक एविएशन मॉडल नहीं है। यह एक ऑपर्चुनिटी मॉडल है। दिल्ली जैसे बनेगा हब और अमृतसर नॉर्थ-इंडिया का इंटरनेशनल गेटवे बनेगा। पंजाब, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल इन जैसे बड़े कैचमेंट एरिया आपको यहां से जुड़ेंगे। विदेशों में रहने वाले लगभग तीन करोड़ भारतीयों में करीब एक करोड़ पंजाबी हैं। एयर कनेक्टिविटी ब□गी तो इसका सीधा लाभ अमृतसर की अर्थव्यवस्था को भी पहुंचेगी और हब एंड स्पोक के माध्यम से हमारी एयरलाइंस की रेवेन्यू पर फ्लाइट भी ब□गी।*

नागर विमानन सचिव समीर कुमार सिन्हा और एयर इंडिया एयरलाइन के अध्यक्ष विपिन कुमार भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि यह हब विमानन क्षेत्र के लिए सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इससे अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों तक यात्रा करने में आसानी होगी।

इस शुरूआत के साथ अमृतसर से प्रतिदिन दो 'ईज़ी कनेक्ट' उड़ानें शुरू हो गई हैं।

**********

प्रादेशिक समाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

**********

हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग ने प्रदेश के सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं व नगर परिषदों को आदेश दिए गए है कि बगैर सुरक्षा उपकरणों के किसी भी सफाई कर्मचारी को सीवर टैंकों में न उतारा जाए।

आज भिवानी में सफाई कर्मचारियों के लिए आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में पत्रकारों से बातचीत में आयोग के अध्यक्ष व पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का निपटान करना आयोग की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आज लगाए गए नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का उद्देश्य सफाई कर्मचारियों को एक ही जगह उपचार सुविधा देना है।

उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों को वेतन समय पर मिले, इसके लिए उन्होंने स्थानीय निकाय विभाग के सचिव व आयुक्त को आयोग की तरफ से पत्र लिखकर कहा है कि जो भी ठेकेदार सफाईकर्मियों को समय पर वेतन नहीं देता, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

इसके अलावा स्थानीय निकाय से जुड़े अधिकारी सफाई कर्मचारियों को समय पर तनख्वाह देना सुनिश्चित करे।

उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की पक्का करने व ठेका प्रथा वापिस लेने संबंधी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व संबंधित विभाग के मंत्री से बातचीत करके विचार किया जा रहा है।

***************

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की नवनियुक्त मानद महासचिव मीना कंबोज ने आज पंचकूला में अपना पदभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण समारोह में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

पदभार ग्रहण करने के बाद सुश्री मीना कंबोज ने कहा कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों के कल्याण के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में विशेष रूप से कार्य किया जाएगा। उनका प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक बच्चों तक परिषद की योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंचाया जा सके।उन्होंने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ परिषद के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का काम करेंगी।

****************

विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर आज अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. नीनू गांधी ने

बताया कि कार्यक्रम में लोगों को हेपेटाइटिस की बीमारी के कारणों , लक्षणों और बचाव के लिए उपायों के बारे जानकारी दी गई। उन्हें समय पर जांच कराने और उपचार के लिए प्रेरित किया गया।

फरीदाबाद के बादशाह खान नागरिक अस्पताल में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. राम भगत ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम के अलावा सभी फर्स्ट रेफरल यूनिट, पॉलीक्लीनिक और स्वास्थ्य केंद्रों पर भी प्रदर्शनी लगाई गई ताकि लोग हेपेटाइटिस की समय पर जांच और उपचार करवा सकें।

------------------------------

भिवानी में भी विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जिला नागरिक अस्पताल परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के बाद शहर में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को सिविल सर्जन डा. रघुवीर सिंह शांडिल्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में लोगों को हेपेटाइटिस बी और सी की समय पर जांच, उपचार और बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

***************